आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 12.08.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- लोकसभा ने आयकर और कराधान कानून संशोधन विधेयक को ध्वनिमत से पारित किया।
- उत्तरकाशी जिले के धराली–हर्षिल आपदा प्रभावित क्षेत्र में राहत और खोज अभियान जोरों पर।
- पौड़ी गढ़वाल में ग्रामोत्थान परियोजना, महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रही है।
- देहरादून, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर, नैनीताल, पौड़ी, चम्पावत और बागेश्वर जिलों में आज कहीं–कहीं भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट।

<u>कराधान विधि विधेयक</u>

लोकसभा ने कराधान विधि –संशोधन विधेयक, 2025 और आयकर –संख्या 2 विधेयक, 2025 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया और अन्य मुद्दों पर विपक्षी सदस्यों के विरोध के बीच ये विधेयक पेश किए। आयकर –संख्या 2 विधेयक, 2025 का उद्देश्य आयकर से संबंधित कानून को समेकित और संशोधित करना है। कराधान विधि –संशोधन विधेयक, 2025 आयकर अधिनियम, 1961 और वित्त अधिनियम, 2025 में संशोधन करेगा। सरकार ने पिछले दस वर्षों में आयकर कानून में सुधार किए हैं। इनमें कॉर्पोरेट कर सुधार, व्यक्तिगत आयकर सुधार, पूंजीगत लाभ के कराधान में सुधार, ट्रस्ट प्रावधानों की दो व्यवस्थाओं का विलय आदि शामिल हैं। कर प्रशासन को अधिक कुशल, पारदर्शी और करदाता–अनुकूल बनाया गया है।

<u>धराली रेस्क्यू</u>

उत्तरकाशी जिले में धराली–हर्षिल आपदा प्रभावित क्षेत्र में राहत और खोज अभियान तेजी से किया जा रहा है। आज हेली सेवाओं के फिर से शुरू होने पर राहत सामग्रियों को प्राथमिकता के आधार पर भेजा जा रहा है। शासन–प्रशासन की प्राथमिकता है कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं से लेकर पर्याप्त मात्रा में खाद्यान्न सामग्री सुनिश्चित की जा सके। प्रभावित क्षेत्रों में लगातार राशन वितरण की प्रक्रिया भी गतिमान है। लोगों के घरों तक जाकर टीमों द्वारा लगातार राशन वितरण किया जा रहा है। राहत शिविरों में भी चिकित्सा, खाने से लेकर रहने तक सभी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य स्वयं सभी व्यवस्थाओं का मौके पर निरीक्षण कर रहे है। इस बीच, धराली–हर्षिल में युद्धस्तर पर रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है और व्यवस्थाओं को पटरी पर लाने की प्रक्रिया लगातार जारी है। अभियान में सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, जिला प्रशासन और अन्य एजेंसियां लगातार जुटी हुई हैं। गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग को बहाल करने के लिए सीमा सड़क संगठन लगातार प्रयास कर रहा है।

हर घर तिरंगा

केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने ज़ोर दिया है कि सांस्कृतिक विविधताओं के बावजूद, भारतीय राष्ट्रीय ध्वज देश को एकजुट रखने का प्रतीक है। नई दिल्ली में हर घर तिरंगा अभियान के अवसर पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने भारत और विदेश में रहने वाले प्रत्येक नागरिक से इस अभियान में भाग लेने का आग्रह किया। श्री शेखावत ने बताया कि हर घर तिरंगा सिर्फ़ एक अभियान ही नहीं, बल्कि एक भावनात्मक आंदोलन है।

वहीं, नैनीताल में 34वीं वाहिनी आईटीबीपी के हिमवीरों ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत कैंप परिसर से महालक्ष्मी मंदिर, ग्रामीण बस्ती, हिरण बाबा मंदिर और हल्दुचौड़ बाजार तक भव्य साइकिल और मोटरसाइकिल रैली निकाली। इस दौरान ग्रामीणों को राष्ट्रीय एकता को सशक्त करने के लिए प्रेरित किया गया। चमोली जिले के ज्योतिमर्ठ में भी आईटीबीपी के जवानों ने हर घंर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाली। इस बीच, प्रदेश के अनेक स्थानों पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

टीम दौरा

ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से नामित राष्ट्रीय स्तर की निगरानी टीम ने हरिद्वार का दौरा किया। टीम में सदस्य नमन सोनी और सयानी शाह शामिल थीं। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे ने टीम को जिले में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं की जानकारी दी। सदस्य नमन सोनी ने बताया कि टीम की ओर से मनरेगा, एनआरएलएम, प्रधानमंत्री ग्राम आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, पंचायती राज की योजनाओं, समाज कल्याण पेंशन योजना और सांसद आदर्श ग्राम योजना जैसी प्रमुख योजनाओं का निरीक्षण किया जाएगा। यह निरीक्षण बहादराबाद, रुड़की और खानपुर विकासखंडों के चयनित गांवों में केन्द्र सरकार की गाइडलाइंस के अनुसार किया जाएगा।

स्वास्थ्य मंत्री

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने उत्तराखंड फार्मेसी काउंसिल, देहरादून में ऑनलाइन पंजीकरण और नवीनीकरण सुविधाओं का शुभारंभ किया। इस सुविधा के शुरू होने से प्रदेश के सभी फार्मासिस्ट अब अपने पंजीकरण, नवीनीकरण, पंजीकरण स्थानांतरण और अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। उत्तराखंड फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार के.एस फर्स्वाण ने बताया कि काउंसिल में अब तक सभी कार्य ऑफलाइन मोड में होते थे, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले फार्मासिस्टों को समय और धन की हानि होती थी। ऑनलाइन प्रणाली लागू होने से यह परेशानी समाप्त होगी और प्रक्रियाएं अधिक पारदर्शी व त्वरित होंगी।

रीप परियोजना

पौड़ी विकासखण्ड में वजली गांव की मधु देवी ग्रामोत्थान परियोजना–रीप की मदद से आज आत्मनिर्भर बन गई हैं। परियोजना के अंतर्गत मधु देवी को ग्राहक सेवा केन्द्र– सीएससी खोलने के लिए 75 हजार रूपये की आर्थिक सहायता दी गई। ग्रामोत्थान परियोजना से मिली धनराशि, बैंक ऋण और कुछ अपनी जमा पूंजी लगाकर उन्होंने खाण्डयूंसैंण बाजार में सीएससी खोला। इसके जरिए मधु देवी प्रतिमाह 10 हजार रूपये तक की कमाई कर रही हैं। इसके अलावा मधु बैंक सखी भी है। इन व्यापारिक गतिविधियों से मधु आर्थिक रूप से स्वावलंबी हुई हैं। वर्ष 2017 में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत मधु समेत आठ महिलाओं ने नागराजा स्वयं सहायता समूह का गठन किया। गत वर्ष मधु देवी ग्रामोत्थान परियोजना से जुड़ीं। ग्रामोत्थान परियोजना की ओर से स्वयं सहायता समूह, ग्राम संगठन और कलस्टर में जुड़ी महिलाओं के आजीविका संवर्द्धन को बढ़ाने के लिए योजनाओं की जानकारी प्रदान की गयी। मधु का चयन व्यक्तिगत उद्यम के अंतर्गत ग्राहक सेवा केन्द्र स्थापित करने के लिए हुआ। व्यक्तिगत उद्यम गतिविधि के अंतर्गत उन्हें परियोजना द्वारा 75 हजार रुपये की सहयोग राशि प्राप्त हुई। इसके अलावा उन्होंने बैंक से डेढ़ लाख रूपये का ऋण लिया, जिससे उन्होंने एक ग्राहक सेवा केंद्र की स्थापना की। केंद्र में ग्रामीणों को विभिन्न प्रमाण पत्र उपलब्ध करा कर वह शुल्क के रूप में आमदनी कर रही हैं। मधु बताती हैं कि सीएससी के अलावा वह बैंक सखी के रूप में आसपास के ग्रामीणों को डिजिटल बैंक सेवा उपलब्ध करा रही हैं। उन्होंने जन धन योजना के तहत लगभग 700 बैंक खाते खोले हैं। उनका कहना है कि सेवाओं के माध्यम से उन्होंने अपनी आय 20 हजार रुपये प्रतिमाह तक पहुँचाने का लक्ष्य रखा है।

मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत ने कहा कि मधु देवी का केंद्र आज स्थानीय समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण सेवा स्थल बन गया है, जिससे न केवल उनकी आजीविका में सुधार हुआ, बल्कि ग्रामीणों को भी आवश्यक बैंकिंग सुविधाएँ सुलभ हुईं।

मौसम विभाग

मौसम विभाग ने आज देहरादून, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर, नैनीताल, पौड़ी, चम्पावत और बागेश्वर जिलों में कहीं–कहीं भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा प्रदेश के शेष जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में कुछ मोटर मार्गों सहित ग्रामीण इलाकों को जाने वाले सम्पर्क मार्ग मलबा आने से बाधित हैं, जिन्हें खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं। बारिश से राज्य की प्रमुख नदियों के जल स्तर में बढ़ोतरी हुई है। शासन–प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें, नदियों–नालों के पास न जाएं और सतर्क रहें। वहीं, आपदा प्रबंधन दल को भी हाई अलर्ट पर रखा गया है। मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनजर देहरादून, बागेश्वर, चम्पावत और टिहरी जिलों में आज कक्षा एक से बारह तक के सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित किया गया। इस बीच, राजधानी देहरादून सहित राज्य के अन्य कुछ जिलों में बारिश अभी रुकी हुई है और बादल छाए हुए हैं।